श्री देवेश कांत सिंह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त निवेदन संख्या 437/2026 का उत्तर प्रतिवेदन।

| क्र० सं० | निवेदन सं०–437/2026 | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|---|
| 1 | सिवान जिला के महाराजगंज कार्य प्रमंडल अन्तर्गत सारण गंडक मुख्य नहर के कि०मी० 50.12 से निसृत रामपुर वितरणी के दायें बांध पर नवतन से कन्हौली तक 19.19 सेवापथ को कालीकृत सड़क बनाने हेतु दिनांक 10.10.2024 को प्राक्कलन तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति हेतु कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, महाराजगंज के द्वारा मुख्यालय को भेजा गया है। प्रशासनिक स्वीकृति हेतु एक वर्ष से अधिक समय से यह मुख्यालय स्तर पर लंबित है। सेवा पथ जर्जन होने के कारण आमजनों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।<br>अतः रामपुर वितरणी नवतन से कन्हौली तक जाने वाली सेवा पथ के प्राक्कलन को प्रशासनिक स्वीकृति देने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूँ। | वस्तुस्थिति यह है कि :–<br>• निवेदन के तहत उठाया गया मामला सारण नहर प्रमंडल, महाराजगंज, सिवान अन्तर्गत सारण मुख्य नहर के कि०मी० 50.09 से निःसृत रामपुर वितरणी के दायें बांध पर कि०मी० 0.00 से कि०मी० 19.19 तक सेवापथ पक्कीकरण कार्य से संबंधित है।<br>• विभागीय पत्रांक 419 दिनांक 23.02.2026 द्वारा रामपुर वितरणी के सेवापथ कि०मी० 0.00 से कि०मी० 19.19 तक के पक्कीकरण से संबंधित योजना का अद्यतन अनुसूचित दर पर प्राक्कलन उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान को निदेशित किया गया है।<br>• मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि विभागीय निदेश के आलोक में योजना का अद्यतन अनुसूचित दर पर प्राक्कलन प्रमंडलीय स्तर पर तैयार किया गया है। जाँचोपरांत प्राक्कलन विभाग को समर्पित कर दिया जायेगा।<br>• वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राथमिकता के आधार पर उक्त नहर सेवापथ का पक्कीकरण कार्य कराये जाने का लक्ष्य है। |

PTO

# बिहार सरकार
## जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(सि0)–03–32 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–1265 दिनांक–11.05.2026 के प्रसंग में निवेदन सं0–437 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(सि0)–03–32 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(सि0)–03–32 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(सि0)–03–32 / 2026– 2615 पटना, दिनांक– 15/06/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12.06.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
12.06.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo